कार्यालय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद कन्नौज

सूचना

पत्रांक........01........कन्नौज/दिनांक 18/08/2023

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र संख्या 1228/ एसएलएसए–5/2002 (पीएस) दिनांक अप्रैल 11, 2023 के अनुपालन में जनपद कन्नौज में गठित स्थाई लोक अदालत में जिला न्यायालयों एवं कलेक्ट्रेट न्यायालयों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों, जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, से निम्न सूची में वर्णित पद एवं मानदेय पर, अनुबन्ध के आधार पर नियुक्ति हेतु दिनांक 01.09.2023 तक आवेदन आहूत किये जाते है।

कम संख्या	पदनाम	पदों की संख्या	मानदेय (शासनादेश 827/ सात– न्याय–7–2014–47/2002 दिनांक 18.11.2014)	योग्यता	आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि
1	आशुलिपिक	01	9000/– रू0 प्रतिमाह मानदेय पर अनुबन्ध के आधार पर अधिकतम 02 वर्ष के लिये कार्य कराया जायेगा।	जिला न्यायालयों अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालयों के सेवानिवृत्त ऐसे कर्मचारी जिन्हे आशुलिपि/टंकण का ज्ञान हो	01.09.2023

उक्त पद हेतु इच्छुक उपरोक्त वर्णित योग्यता रखने वाले समस्त व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 01.09.2023 सायं 04:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। उक्त आवेदन कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्राप्त कराये जा सकते है। अंतिम तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार (पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होने पर) से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगे।

18/8/23

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
जनपद न्यायाधीश/
अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
कन्नौज।

अध्यक्ष/जिला जज
जिला विधिक सेवा
प्राधिकरण–कन्नौज

पत्रांकः........01........./कन्नौज/दिनांक 18/08/2023

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. सदस्य सचिव , उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ
02. अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत कन्नौज।
03. निदेशक, सूचना आयोग जनसम्पर्क विभाग सूचना अनुभाग–2 उ0प्र0 लखनऊ
04. जिलाधिकारी, कन्नौज।
05. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज।
06. मुख्य विकास अधिकारी कन्नौज।
07. उपजिलाधिकारी कन्नौज।
08. जिला सूचनाधिकारी कन्नौज को सभी समाचार पत्रों में निःशुल्क चरणबद्ध प्रकाशन हेतु।
09. नजारत, जनपद न्यायालय कन्नौज के सूचना पट पर चस्पा हेतु।
10. सार्वजनिक स्थानो, रेलवे स्टेशन, सयुक्त चिकित्सालय पर चस्पा हेतु।
11. सिस्टम आफीसर को उक्त विज्ञप्ति जनपद न्यायालय कन्नौज की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

18/8/23

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
जनपद न्यायाधीश/
अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
कन्नौज।

अध्यक्ष/जिला जज
जिला विधिक सेवा
प्राधिकरण–कन्नौज